दिनांक 14 सितंबर 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में हिंदी साहित्य परिषद् के तत्वाधान में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री हरेराम 'समीप' उपस्थित थे। उन्होंने अपने समसामयिक विषयों पर दोनों से सामान बांध दिया।

गर्व करें किस पर, यहाँ किस पर करें विमर्श।

आधा है यह इंडिया, आधा है यह भारतवर्ष॥

जैसा कि ज्ञातव्य है कि डॉ कृष्णकांत गुप्ता की सत प्रेरणा से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति चेतना जागृत करने हेतु दिनांक 7 सितंबर 2016 से हिंदी चेतना सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें कहानी, लघुकथा वाचन, निबंध, श्रुतलेख, सुलेख, कविता पाठ इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा "वर्तमान भारत में हिंदी की स्थिति को सुधारने के लिए अभिवावकों और विद्यार्थियों की नीयत और सरकार की नीति ठीक होगी तो हिंदी भाषा की नियति स्वतः ही ठीक हो जाएगी।" युवाओं में मातृ भाषा हिंदी के प्रति प्रेम होना चाहिए। हिंदी भाषा की गरिमा बनाये रखने के लिए उन्हें सजग रहना चाहिए क्योंकि किसी देश की पहचान राष्ट्र भाषा होती है। हिंदी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनंद के मार्गदर्शन में ये समस्त प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस सुअवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ अशोक निराला, डॉ रेनू महेश्वरी, श्रीमती मंजू गुप्ता एवं डॉ बांके बिहारी उपस्थित थे। अतिथि एवं प्राचार्य महोदय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मंच संचालक डॉ बांके बिहारी ने बखूबी से मंच संचालन करते हुए अतिथि का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में एक सप्ताह से चल रही प्रतियोगिताओं में विजित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः वंदना, पूजा, देवराज रहे।

मुख्य अतिथि महोदय के कर कमलों से पारितोषिक वितरण एवं डॉ अशोक निराला के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।